भास्कर

# स्टेशन रोड पर गंदगी

15-6-21

रतलाम | कलेक्टर ने दो दिन पहले निगम के सफाई विभाग के अफसरों की बैठक लेकर कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था ठीक नहीं है। दो दिन बाद कोई सुधार नहीं हुआ है। स्टेशन रोड क्षेत्र में सफाई नहीं होने से नालियां अभी भी जाम हो रही हैं।

12-6-2021

## सरकारी राशन बेचा तो होगी सख्त कार्रवाई

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि यदि कोई हितग्राही शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से प्राप्त राशन बाजार में बेचते पाया जाता है तो संबंधित हितग्राही का राशनकार्ड अथवा पात्रता पर्ची निरस्त की जाएगी तथा उनके विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि जिले के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत समस्त पात्र हितग्राहियों, गरीब, बेघर, बेसहारा हितग्राहियों को शासकीय उचित मूल्य दुकानों से रियायती दर पर निःशुल्क राशन प्राप्त हो रहा है। ऐसे हितग्राही अपना राशन (गेहूं /चावल) किसी भी किराना दुकान पर या किसी व्यक्ति को या किसी व्यापारी को नहीं बेचें।

## राशन का सामान बाजार में बेचने पर पात्रता पर्ची निरस्त होगी

रतलाम ● कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने आदेश जारी कर कहा है कि यदि कोई हितग्राही शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से प्राप्त राशन बाजार में बेचते पाया जाता है तो संबंधित हितग्राही का राशनकार्ड अथवा पात्रतापर्ची निरस्त की जाएगी तथा उनके विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि जिले के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत समस्त पात्र हितग्राहियों, गरीब, बेघर, बेसहारा हितग्राहियों को शासकीय उचित मूल्य दुकानों से रियायती दर पर निःशुल्क राशन प्राप्त हो रहा है। ऐसे हितग्राही अपना राशन (गेहूं /चावल) किसी भी किराना दुकान पर या किसी व्यक्ति को या किसी व्यापारी को नहीं बेचे। राशन दुकान का खाद्यान्न क्रय करने वाले व्यक्तियों, व्यापारियों के विरुद्ध भी मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 की धारा 13 (2) के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी, जो कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 3/7 के तहत दंडनीय अपराध है।

# राशन का सामान बाजार में बेचने पर पात्रता पर्ची निरस्त होगी

## सामान खरीदने वाले व्यापारी पर भी होगी कार्रवाई

रतलाम। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने आदेश जारी कर कहा है कि यदि कोई हितग्राही शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से प्राप्त राशन बाजार में बेचते पाया जाता है तो संबंधित हितग्राही का राशनकार्ड अथवा पात्रतापर्ची निरस्त की जाएगी तथा उनके विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि जिले के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत समस्त पात्र हितग्राहियों, गरीब, बेघर, बेसहारा हितग्राहियों को शासकीय उचित मूल्य दुकानों से रियायती दर पर निःशुल्क राशन प्राप्त हो रहा है। ऐसे हितग्राही अपना राशन (गेहूं /चावल) किसी भी किराना दुकान पर या किसी व्यक्ति को या किसी व्यापारी को नहीं बेचे। राशन दुकान का खाद्यान्न क्रय करने वाले व्यक्तियों, व्यापारियों के विरुद्ध भी मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 की धारा 13 (2) के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी, जो कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 3/7 के तहत दंडनीय अपराध है। सूर्यास्त के पश्चात उचित मूल्य दुकान पर परिवहनकर्ता वाहन सामग्री नहीं प्रदाय करेगा रतलाम। कलेक्टर श्रीकुमार पुरुषोत्तम द्वारा आदेश जारी किया गया है कि जिले में उचित मूल्य दुकानों पर जिन वाहनों द्वारा राशन सामग्री प्रदाय की जाती है वे वाहन सूर्यास्त पश्चात सामग्री दुकान को प्रदाय नहीं करेंगे। जारी आदेश के अनुसार किसी कारणवश वेयरहाउस में गाड़ी भरने में विलंब हुआ है तो भरे हुए वाहन को वेयरहाउस परिसर में ही खड़ा रखा जाएगा तथा वह वाहन अगले दिन राशन प्रदाय करने के लिए रवाना होगा। यदि राशन सामग्री वितरण करते समय सूर्यास्त हो जाता है तो राशन सामग्री से भरे वाहन को ग्राम पंचायत कार्यालय, जनपद, तहसील, एसडीएम कार्यालय अथवा थाना परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से खड़ा किया जाएगा। परिवहनकर्ता द्वारा राशन से भरे शासकीय वाहन को परिसर में खड़े रखने की सूचना व्हाट्सएप या दूरभाष पर संबंधित एसडीएम, तहसीलदार, जिला प्रबंधक सिविल सप्लाई अथवा आपूर्ति अधिकारी को अनिवार्य रूप से दी जाएगी। ज्ञातव्य है कि शासन के निर्देशानुसार राशन सामग्री उचित मूल्य दुकानों पर सतर्कता समिति के समक्ष से ही खाली करवाई जाना है। विगत दिनों सार्वजनिक वितरण प्रणाली से संबंध परिवहनकर्ताओं द्वारा की गई खाद्यान्न की अफरा तफरी के संबंध में त्रुटिकर्ता, परिवहनकर्ता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है तथा नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

**अभाविप द्वारा मेरा शहर स्वच्छ अभियान के तहत मुक्तिधाम की सफाई की गई।**

नागदा(निप्र) - गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नागदा इकाई द्वारा एस.एफ.डी. (स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट) आयाम के माध्यम से मेरा शहर स्वच्छ अभियान शुरू किया गया। जिसके तहत सर्वप्रथम अभाविप सदस्यों ने नागदा श्मशान एवं कब्रिस्तान पर कोविड काल के बाद जमा हुए कचरे को हटाते हुए वहां की सफाई की गई।

## कोरोना संक्रमण की रफ्तार थमने से राहत महसूस कर रहे सभी


# नौ नए पाजिटिव केस और 12 डिस्चार्ज

12-6-21

रतलाम। जिले में कोरोन संक्रमण की रफ्तार थमने से शासन-प्रशासन के साथ जिलेवासी राहत महसूस कर रहे हैं। शुक्रवार को नौ नए पाजिटिव केस सामने आए। 12 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। जून माह में लगातार नौ दिनों से एक भी मौत नहीं हुई है। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 279 है। जिले में अब तक 17440 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 16853 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 308 है।

**मेडिकल कालेज में 504 बेड खाली**

शासकीय मेडिकल कालेज हास्पिटल से शुक्रवार को 16 मरीज स्वस्थ होकर अपने घर लौटे। डिस्चार्ज होते समय इन लोगों ने कोविड के नियमों का पालन करने तथा स्वजनों को भी सभी नियमों का पालन कराने का संकल्प लिया। डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया के एक नए मरीज भर्ती हुआ। मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550 है। आइसीयू बेड 56 में से 21 पर पेशेंट हैं। एचडीयू में 172 बेड में 11 पर पेशेंट हैं। आक्सीजन बेड 180 में 12 पर पेशेंट हैं। नान आक्सीजन बेड 142 में से दो पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 46 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती हैं। इनमें 27 पाजिटिव तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 504 है। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार अब तक टोटल रिसीव्ड 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कन्ज्यूमड 5936, करंट स्टाक 87 है।



**तीन मरीजों को मेडिसिन किट वितरित**

ई-दक्ष केंद्र से बुधवार को होम आइसोलेशन के मरीजों की सूची स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से चार मेडिसिन किट लेकर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलों को वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। वार्ड वार गठित दलों द्वारा होम आइसोलेशन के मरीजों के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया। सूची अनुसार तीन मरीजों को मेडिकल किट का वितरण किया गया। एक मरीज के पास पूर्व से किट प्राप्त होना पाई गई। इसके अलावा सात मेडिसिन किट मरीज के स्वजनों को प्रदान की गई। नई दुनिया

नई दुनिया, 12-6-2021

---

## मेडिकल कॉलेज में 504 बेड रिक्त हुए

12-6-21

रतलाम ● शासकीय मेडिकल कॉलेज के 550 बेड क्षमता वाले हॉस्पिटल में शुक्रवार को केवल 46 मरीज भर्ती थे, और यहां 504 बेड रिक्त हो गए। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज 16 मरीज डिस्चार्ज हुए वहीं 01 मरीज को भर्ती किया गया। आईसीयू में 56 में से 21 बेड पर मरीज भर्ती है। एचडीयू में 172 में से 11 बेड पर मरीज भर्ती है। ऑक्सीजन बेड 180 में से 12 पर मरीज भर्ती है। नॉन ऑक्सीजन बेड ...

---

# मेडिकल कॉलेज में 504 बेड रिक्त हुए

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज के 550 बेड क्षमता वाले हॉस्पिटल में शुक्रवार को केवल 46 पेशेंट भर्ती थे, और यहाँ 504 बेड रिक्त हो गए। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज 16 पेशेंट डिस्चार्ज हुए वही 01 मरीज को भर्ती किया गया। आईसीयू में 56 में से 21 बेड पर पेशेंट भर्ती है। एचडीयू में 172 में से 11 बेड पर मरीज भर्ती है। ऑक्सीजन बेड 180 में से 12 पर पेशेंट भर्ती है। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 में से 2 बेड पर पेशेंट भर्ती है। कुल 46 पेशेंट भर्ती हैं जिनमें से 27 कोरोना पाजिटिव है तथा शेष ऑक्सीजन लेवल एवं अन्य समस्याओं वाले है। मेडिकल कॉलेज में आज रिक्त बेड 504 रहे। उन्होंने बताया

## कार्यों की धीमी गति पर जताई नाराजगी

# सैलाना सीईओ एवं आलोट सीएमओ को शोकाज नोटिस

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

12-6-21

रतलाम. सांसद निधि विधायक निधि एवं जनभागीदारी के कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए सभी निकाय एवं विभाग संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय करें। एक निश्चित तिथि बताएं और उस स्थिति तक कार्य को अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। काम पूर्ण हो जाए तो उसका पूर्णता प्रमाण पत्र दें। किसी कार्य के लंबित होने में कोई बाधा है तो उसका निराकरण करें। किसी भी कार्य को टाले नहीं और पूर्ण गंभीरता से कार्य करें। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कलेक्टेट सभाकक्ष में सांसद निधि, विधायक निधि एवं जनभागीदारी योजना के अंतर्गत जिले में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए दिए।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि बिना किसी कारण के कोई कार्य अधूरा नहीं रहे, यदि किसी कार्य में विलंब हो रहा है तो उसके लिए संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय होगी। उन्होंने लंबित कार्यों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए जनपद पंचायत सैलाना सीईओ एवं आलोट मुख्य नगरपालिका अधिकारी को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

जिला योजना अधिकारी बी.के. पाटीदार ने जिले में सांसद निधि, विधायक निधि एवं जनभागीदारी योजना के तहत प्रारंभ, प्रगतिरत एवं पूर्ण कार्य के पूर्णता प्रमाण पत्र नहीं मिलने संबंधी कार्यों की जानकारी दी। जिले में प्रारंभ कार्य 34 एवं प्रगतिरत कार्य 123 है। पूर्ण कार्य के पूर्णता प्रमाण पत्र 84 कार्यों के आना शेष है। कलेक्टर ने उक्त सभी कार्यों को निश्चित समय सीमा में करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में समस्त सीएमओ, सीईओ जनपद, नगर निगम रतलाम, नगर पालिका जावरा, शिक्षा विभाग सहित संबंधित विभागों ने अपने कार्यों की प्रगति का ब्यौरा दिया।

पत्रिका 12-6-2021

## सात दिन में 1233 आयुष्मान कार्ड बनाए

नई दुनिया

रतलाम। शहर के पात्र हितग्राहियों के निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। 15 जून तक वार्डों के कामन सर्विस सेंटरों पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में वार्ड वार नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। सात दिनों में 1233 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। शहर में वर्षाकाल के पहले नाले-नालियों की सफाई का कार्य किया जा रहा है। न्यू अलकापुरी, डोंसीगांव, सिविक सेंटर, मोमिनपुरा, ईदगाह, चौमुखी पुल व लक्कड़पीठा वाले नाले की सफाई की गई।

12-6-21

नई दुनिया, 12-6-2021,

## 6 दिनों में 958 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये

इन्दौर समाचार 12-6-21

# आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु नियुक्त पर्यवेक्षकों की निगम आयुक्त ने ली बैठक

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत 'निरामयम' योजना अन्तर्गत रतलाम नगर के पात्र हितग्राहियों के निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु गठित दलों के पर्यवेक्षकों की निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बैठक लेकर पात्र हितग्राहियों के शीघ्र कार्ड बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। नगर के शेष रहे हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य 5 जून को प्रारंभ किया गया जिसके तहत 10 जून को 203 कार्ड बनाये गये इस तरह अब तक 958 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनवाये जा चुके है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने आयोजित बैठक में 5 से 10 जून तक वार्ड वार बनाये गये आयुष्मान कार्ड की जानकारी लेकर निर्देशित किया कि पर्यवेक्षक प्रतिदिन कार्ड बनाने की जानकारी कॉमन सेन्टरों से प्राप्त करेंगे व झोन प्रभारी दरोगाओं से प्राप्त करेंगे। बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि दल द्वारा कितने हितग्राहियों से संपर्क किया गया, कितने हितग्राहियों को कॉमन सेन्टरों पर भेजा गया व कितने हितग्राहियों के कार्ड बने इसकी पंजी संधारित की जाये। निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में निर्देशित किया कि कॉमन सेन्टरों पर बनने वाले आयुष्मान कार्ड को वार्डवार एकत्रित किया जाकर नगर निगम के कार्यालय अधीक्षक कार्यालय में व्यवस्थित रखें जाये साथ ही प्रतिदिन वार्ड अनुसार आने वाले कार्ड की जानकारी पंजी संधारित की जावे तथा इस कार्य हेतु एक कर्मचारीको पाबंद किया जाये। बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि पात्र हितग्राहियों के मोबाईल नम्बर व पते की वार्ड वार सूची उपलब्ध करवा दी गई है सूची अनुसार हितग्राहियों से जिनके मोबाईल नम्बर दर्ज है को मोबाईल से संपर्क कर आयुष्मान कार्ड बनाने की जानकारी लेवें यदी उन्होंने कार्ड बनवा लिया है तो सूची में राईट का निशान लगावें तथा जिन्होंने कार्ड नहीं बनवाया है उनसे मोबाईल पर निरंतर संपर्क करें कि उन्होंने कार्ड बनवाया है या नहीं यदि निरंतर संपर्क करने पर भी हितग्राही कार्ड नहीं बनवा रहा है तो उनके निवास पर जाकर कार्ड बनवाने हेतु संपर्क करें। साथ ही सूची में सिर्फ मुखिया का ही नाम है व मोबाईल नम्बर व पता नहीं है ऐसे हितग्राही की तलाश वार्ड में कर उनसे संपर्क कर मोबाईल नम्बर व पता लेकर कार्ड बनवाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी के जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी आयुषी पालीवाल, निज सहायक सुभाष गोयल, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, उपयंत्री सुहास पंडित, राजेश पाटीदार, विकास मरकाम, ब्रजेश कुशवाह, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े, किरण चौहान उपस्थित थी।



इन्दौर समाचार
12-6-2021

## आज तीन स्थानों पर कोवैक्सीन का दूसरे डोज का टीकाकरण

रतलाम. शहर में शनिवार को आयोजित होने वाले कोविड टीकाकरण के लिए तीन स्थानों पर छः सत्र आयोजित कर टीकाकरण किया जाएगा। रतलाम शहर में पुराना कलेक्ट्रेट गुलाब चक्कर के पास, माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार और आईएमए हॉल राजेन्द्र नगर के केंद्रों पर केवल कोवैक्सीन के दूसरे डोज का टीकाकरण किया जाएगा। हितग्राही दूसरे डोज के लिए आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के आधार पर सीधे केंद्र पर टीका लगवा सकते हैं। किसी भी स्थिति में शनिवार को कोविशील्ड का टीका नहीं लगेगा और शनिवार को उपरोक्त केंद्र के अतिरिक्त जिले में अन्य कही भी टीकाकरण नहीं किया जाएगा।

## टीकाकरण में हर निकाय अपनी बेहतर कार्य क्षमता दिखाएं

रतलाम. टीकाकरण अभियान के अंतर्गत पूरे प्रदेश भर में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले प्रत्येक निकाय को श्रेष्ठ मूल्यांकन के आधार पर चयनित किया जाएगा। ये बात कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कही, उन्होंने कहा कि जिले के समस्त एसडीएम, सीईओ, जनपद, नगरीय निकाय के अधिकारियों से कहा है कि वे पूर्ण वैक्सीनेशन के साथ इस कार्य में नवाचार कर प्रदेश में अव्वल आने के लक्ष्य की पूर्ति करें। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम एवं जिला स्तर पर श्रेष्ठ कार्यों एवं टीकाकरण के लिए नवाचार के आधार पर हमें रतलाम को अव्वल लाना है।

# आज शहर में तीन केंद्रों पर छह सत्रों में सिर्फ दूसरी डोज लगाई जाएगी

## वैक्सीन की कमी से लोग परेशान, केंद्रों पर काट रहे चक्कर


रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। सरकारी अमला लोगों को कोरोना का टीका लगवाने के लिए प्रेरित कर रहा है। व्यापारियों पर टीका लगवाए बगैर व्यापार नहीं करने का दबाव है, वहीं दूसरी ओर एक सप्ताह से लगातार डोज की कमी बनी हुई है।

गुरुवार व शुक्रवार को टीकाकरण निरस्त भी करना पड़ा है। शनिवार को शहर के आइएमए हाल राजेंद्रनगर, पुराना कलेक्टोरेट गुलाब चक्कर के पास और माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार पर टीकाकरण होगा। सभी जगह को-वैक्सीन की दूसरी डोज लगेगी, जिसमें 18 साल से अधिक और 45 साल अधिक उम्र वाले शामिल हैं। 600 टीके आनलाइन बुकिंग पर और 600 आनस्पाट बुकिंग पर लगेंगे।


मालूम हो कि अब तक जिले में दो लाख 34 हजार 546 लोगों का टीकाकरण हुआ है, जिसमें एक लाख 98 हजार 826 को प्रथम और 35720 को दूसरी डोज लगी है। अब




तक 11 लाख 17 हजार 893 का लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य था, लेकिन 17.97 फीसद ही लक्ष्य पूरा हुआ है। सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि अभी डोज की कमी है, इसलिए केंद्रों की संख्या कम कर दी गई है। 18 से 44 वर्ष व 45 वर्ष से अधिक आयु समूह के ऐसे लोग जिनको को-वैक्सीन का टीका लगवाने के बाद 28 दिन का समय पूर्ण हो चुका है वे शनिवार को केंद्र पर उपस्थित होकर टीकाकरण करवा सकते हैं। इसके लिए प्री-बुकिंग करवाना आवश्यक नहीं है।



कोरोना से बचाव के लिए टीका जरूरी है, लेकिन केंद्रों पर चक्कर लगाना पड़ रहे है। वर्तमान में इनके पास डोज ही नहीं है। ऐसे कैसे कोरोना की जंग जीत पाएंगे। - रीना राठौड़, गृहिणी



लोग टीका लगवाना चाहते है। केंद्रों पर ताले लटक रहे है। पूछने पर बताते है कि टीका उपलब्ध ही नहीं है। प्रशासन टीका लगवाने के लिए प्रेरित कर रहा है, लेकिन जब डोज ही नहीं रहेगी तो अभियान कैसे सफल होगा। -पंकज पुरोहित, निवासी मोहन टाकीज



तीन दिन से टीका लगवाने का प्रयास कर रहे है, लेकिन वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। प्रशासन को ध्यान देना चाहिए कि जिस तरह टीका लगवाने के लिए प्रेरित कर रहे है, उसी तरह केंद्रों में डोज भी उपलब्ध हो। -अजय सिंह चौहान, निवासी राजस्व कालोनी



जब से युवाओं का टीकाकरण शुरू हुआ तब से डोज कम पड़ रहे है। शहरी क्षेत्रों में तो थोड़ी बहुत लग भी रहे है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो केंद्र पर ताला लग गया है। लोग रोज वैक्सीन के लिए आना-जाना कर रहे हैं। - सपना चावड़ा, निवासी धराड

## वार्ड क्रमांक 9 को अब मीठा पानी मिलेगा

इन्दौर समाचार

रतलाम। फोरलेन स्थित औद्योगिक थाने के सामने व सज्जन मिल के पीछे की चाल में वर्षों से पीने के पानी की समस्या से रहवासी ग्रसित थे। रहवासियों के अनुसार मीठा पानी बहुत दूर-दूर से लाना पड़ता था तब कहीं जाकर खाना बनता था। रहवासी अपनी समस्या लेकर कांग्रेस नेत्री व समाज सेविका श्रीमती कुसुम चाहर के पास पहुंचे और अपनी समस्या बताई। श्रीमती चाहर ने अपनी अथक परिश्रम से चार-पांच महीने से नगर निगम में काम करवाने के लिए प्रयास किया। इस हेतु नगर निगम में आवेदन दिए व आयुक्त से चर्चा की तथा ज्ञापन दिया गया। नए कनेक्शन मुख्य पानी की लाइन से जुड़े गए अब पीने के पानी पर्याप्त मात्रा में मिल रहा है। यह हेतु श्रीमती चाहर ने नगर निगम आयुक्त झारिया का धन्यवाद ज्ञापित किया। श्री निगमायुक्त ने बाकी अन्य वार्ड की समस्याओं जल्द ही निराकरण करने का आश्वासन दिया है। इस हेतु चाल के रहवासियों ने श्रीमती कुसुम चाहर का स्वागत सम्मान किया गया इसमें श्रीमती संतोष गौड़, मधु अकोदिया, दीप्ति सरला आदि ने पुष्प माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया तथा आश्वासन दिलाया कि हम सब लोग आपके साथ में हैं जब भी जरूरत हो हम पूरे चाल वासी आपके लिए हमेशा सहयोगी के रूप में खड़े रहेंगे इसमें मोहिनी,कुसुम,मीना,लाली ,कल्पना, आला, अंजु, नंदा, ज्योति, रश्मि, मनोहर व मुस्ताज आदि लोग उपस्थित थे। 12-6-21

इन्दौर समाचार
12-6-2021

# वार्ड क्रमांक 9 को अब मीठा पानी मिलेगा



प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

### वार्डवासियों ने श्रीमती कुसुम चाहर का स्वागत किया

फोरलेन स्थित औद्योगिक थाने के सामने व सज्जन मिल के पीछे की चाल में वर्षों से पीने के पानी की समस्या से रहवासी ग्रसित थे। रहवासियों के अनुसार मीठा पानी बहुत दूर-दूर से लाना पड़ता था तब कहीं जाकर खाना बनता था। रहवासी अपनी समस्या लेकर कांग्रेस नेत्री व समाज सेविका श्रीमती कुसुम चाहर के पास पहुंचे और अपनी समस्या बताई।


श्रीमती चाहर ने अपनी अथक परिश्रम से चार-पांच महीने से नगर निगम में काम करवाने के लिए प्रयास किया। इस हेतु नगर निगम में आवेदन दिए व आयुक्त से चर्चा की तथा ज्ञापन दिया गया। नए कनेक्शन मुख्य पानी की लाइन से जुड़े गए अब पीने के पानी पर्याप्त मात्रा में मिल रहा है। यह हेतु श्रीमती चाहर ने नगर निगम आयुक्त झारिया का धन्यवाद ज्ञापित किया। श्री निगमायुक्त ने बाकी अन्य वार्ड की समस्याओं जल्द ही निराकरण करने का आश्वासन दिया है।

इस हेतु चाल के रहवासियों ने श्रीमती कुसुम चाहर का स्वागत सम्मान किया गया इसमें श्रीमती संतोष गौड़, मधु अकोदिया, दीप्ति सरला आदि ने पुष्प माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया तथा आश्वासन दिलाया कि हम सब लोग आपके साथ में हैं जब भी जरूरत हो हम पूरे चालवासी आपके लिए हमेशा सहयोगी के रूप में खड़े रहेंगे इसमें मोहिनी,कुसुम,मीना,लाली ,कल्पना, आला, अंजु, नंदा, ज्योति, रश्मि, मनोहर व मुस्ताज आदि लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आभार संतोष गौड़ ने माना।

प्रसारण 12-6-2021

# कोरोनो वॉलेंटियर्स वैक्सीनेशन एवं आयुष्मान कार्ड के प्रति लोगों को करे जागरुक

रतलाम। मप्र जन अभियान परिषद द्वारा चलाये जा रहे मैं कोरोना वॉलेंटियर अभियान के अंतर्गत कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार आलोट विकासखण्ड के कोरोना वालेंटियर्स की वर्चुअल मीटिंग अनुविभागीय अधिकारी राजेश शुक्ला द्वारा ली गयी। एसडीएम राजेश शुक्ला ने कोरोना वॉलेंटियर्स के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि महामारी में निश्चित रूप से सराहनीय कार्य किया है। प्रत्येक कोरोना




वॉलेंटियर्स को अपने गांव में पांच-पांच व्यक्तियों को चिन्हित करना चाहिए उन्हें, वैक्सीनेशन के प्रति प्रेरित करना चाहिए।

सर्वप्रथम अपने परिवार से वह शुरुआत करे तो पूरे गांव में शीघ्र ही लक्ष्य की प्राप्ति हो सकेगी। इसी प्रकार आयुष्मान कार्ड के लिये भी कार्य करें।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आर.के. वक्तारिया ने कहा कि आयुष्मान कार्ड के बनाने के अभियान में कोरोना वॉलेंटियर्स की भूमिका सार्थक रही है, आगे भी आप लोग पात्र हितग्राहियों से सतत संपर्क कर उनके कार्ड बनवाये ताकि उन्हें योजना लाभ प्राप्त हो सकें। वैक्सीनेशन के लिये शेष रहे 45 से अधिक आयु व 18 से 44 आयु वर्ग के लोगों का चिह्नांकन करे ताकि उनका ग्राम स्तर पर ही प्रोत्साहन योजना के तहत कैंप लगाकर वैक्सीनेशन किया जा सकें।

रतेश विजयवर्गीय ने कहा कि हम छोटे-छोटे वीडियो के माध्यम से 60 साल 65 साल अधिक आयु वर्ग के बुजुर्गों का वीडियो मीडिया सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को प्रेरित करने हेतु डालें ताकि उन्होंने वैक्सीन लगवाने के पश्चात और कैसा अनुभव कर रहे हैं या आमजन तक पता चले इसलिए ऐसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुए योजनाओं का प्रचार अधिक करें। आलोट समन्वयक श्री शैलेंद्रसिंह सोलंकी ने समस्त कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को आश्वस्त किया कि परिषद के कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से गांव-गांव में कार्य कर रहे हैं और शीघ्र ही प्रत्येक गांव में वैक्सीनेशन एवं आयुष्मान का कार्ड का कार्य समस्त कार्यकर्ताओं की भूमिका से शीघ्र पूर्ण होगा। वर्चुअल बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता पंकज सोनी, हेमेंद्र निगम, कन्हैयालाल पाटीदार, नागेश्वर पाटीदार, राजू टेलर ने अपने सुझाव वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रखें।

# प्रभार से मुक्त किया

रतलाम. निगम में स्वास्थ्य विभाग में बदलाव का दौर जारी है। शुक्रवार को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने वार्ड क्रमांक 46 के वार्ड प्रभारी के प्रभार से मुक्त कर वार्ड क्रमांक 8 में मूल पद सफाई संरक्षक के पद पर सफाई कार्य हेतु नियुक्त किया है।

12-6-21

पत्रिका

विस्तृत खबरों और फोटोग्राफ्स के लिए देखें... patrika.com

12-6-21।

# मान कार्ड बनाने हेतु नियुक्त पर्यवेक्षकों की निगम आयुक्त झारिया ने ली बैठक

• रतलाम

नक नगर पालिक निगम
नाम के निर्देशानुसार
मम' योजना अन्तर्गत
हितग्राहियों के निःशुल्क
गठित दलों के पर्यवेक्षकों
झारिया ने बैठक लेकर
कार्ड बनाने हेतु आवश्यक
क शेष रहे हितग्राहियों के
कार्य 5 जून को प्रारंभ
10 जून को 203 कार्ड
क 958 हितग्राहियों के
चुके है।

झारिया ने आयोजित
क वार्ड वार बनाये गये
री लेकर निर्देशित किया
र्ड बनाने की जानकारी
झोन प्रभारी दरोगाओं से



प्राप्त करेंगे।

बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि दल द्वारा कितने हितग्राहियों से संपर्क किया गया, कितने हितग्राहियों को कॉमन सेन्टरों पर भेजा गया व कितने हितग्राहियों के कार्ड बने इसकी पंजी संधारित की जाये।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में निर्देशित किया कि कॉमन सेन्टरों पर बनने वाले आयुष्मान कार्ड को वार्डवार एकत्रित किया जाकर नगर निगम के कार्यालय अधीक्षक कार्यालय में व्यवस्थित रखें जाये साथ ही प्रतिदिन वार्ड अनुसार आने वाले कार्ड की जानकारी पंजी संधारित की जाये तथा इस कार्य हेतु एक कर्मचारी को पाबंद किया जाये।

बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि पात्र हितग्राहियों के मोबाईल नम्बर व पते की वार्डवार सूची उपलब्ध करवा दी गई है सूची अनुसार हितग्राहियों से जिनके मोबाईल नम्बर दर्ज है को मोबाईल से संपर्क कर आयुष्मान कार्ड बनाने की जानकारी लेवें यदी उन्होंने कार्ड बनवा लिया है तो सूची में राईट का निशान लगावें तथा जिन्होंने कार्ड नहीं बनवाया है उनसे मोबाईल पर निरंतर संपर्क करें कि उन्होंने कार्ड बनवाया है या नहीं यदि निरंतर संपर्क करने पर भी हितग्राही कार्ड नहीं बनवा रहा है तो उनके निवास पर जाकर कार्ड बनवाने हेतु संपर्क करें। साथ ही सूची में सिर्फ मुखिया का ही नाम है व मोबाईल नम्बर व पता नही है ऐसे हितग्राही की तलाश वार्ड में कर उनसे संपर्क कर मोबाईल नम्बर व पता लेकर कार्ड बनवाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी के जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी आयुषी पालीवाल, निज सहायक सुभाष गोयल, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, उपयंत्री सुहास पंडित, राजेश पाटीदार, विकास मरकाम, ब्रजेश कुशवाह, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विराट मेहरा व आंग वाड़ी सुपरवाईजर उपस्थित थी।

12-6-2021

# पांच मवेशियों को गोशाला भेजा

12-6-21

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 937 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। शुक्रवार को कालिका माता, आनंद कॉलोनी, महू रोड आदि क्षेत्रों से पांच मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए। नई दुनिया

नई दुनिया

12-6-2021

शहर में शहरी आजीविका मिशन में मिल रही नौकरी

# राहत: 70 को स्थायी तो 500 को दिया अस्थायी रोजगार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. एक तरफ कोरोना की मार तो दूसरी तरफ बढ़ती बेरोजगारी। ऐसे में युवाओं को रोजगार देने के लिए दीनदयाल अंत्योदय योजना में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत जून माह में हुए अनलॉक के बाद अब तक 50 युवाओं को स्थायी रोजगार तो 500 से अधिक युवाओं को अस्थायी रोजगार दे दिया गया है। हाल ही में बिजली कंपनी के लिए नए मीटर लगाने के लिए भी युवाओं की जरूरत है, जिसके लिए विभाग युवाओं की तलाश कर रहा है।

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में अब तक 750 युवाओं का पंजीयन हो चुका है। इस माह ही करीब 750 को रोजगार देने के बाद अब भी विभाग को बिजली कम्पनी में इलेक्ट्रिक मीटर लगाने के काम के लिए युवाओं की जरूरत है।

## इस तरह मिलता काम

- तरणताल के करीब बने कार्यालय में जाकर फॉर्म भरना रहता है।
- कुशल अकुशल श्रमिक को रोजगार देते है।
- घर पर जाकर कारपेंटर, नल सुधारना, बिजली समस्या आदि काम में होशियार को प्राथमिकता।

## इसमें भी करता मदद

मिशन द्वारा स्वसहायता समूह द्वारा बनाए जाने वाले अचार, मसाले, पापड़ आदि के काम में भी मदद की जाती है। इसके अलावा एक बर्तन बैंक भी बनाया है, जिसमें 100 सदस्यों के लिए भोजन के आयोजन पर पर्यावरण की रक्षा करते हुए पत्तल दोने के बजाए मात्र 200 रुपए में 100 बर्तन दिए जाते है। इनके साथ शहरी मित्र भी वार्डों में जुड़कर काम कर रहे है जो पुलिस, नगर निगम सहित शासन की विभिन्न योजनाओं का प्रचार करते है। अब तक शहर में 115 शहरी मित्र बन गए है।

## अब भी करें आवेदन

अगर किसी को रोजगार की जरूरत है तो वो कार्यालय में आकर अपनी योग्यता का फॉर्म भर सकता है। अब भी बिजली कंपनी सहित अन्य कार्यों में युवाओं की जरूरत है।

**- नवोदित बैरागी**, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन

12-6-21

पत्रिका
12-6-2021

**जयंती कल** • प्रताप चौराहे पर मूर्ति स्थापित करने से शौर्य यात्रा की परम्परा शुरू हुई थी

# 20 साल में दूसरी बार महाराणा प्रताप जयंती पर नहीं निकलेगी शौर्य यात्रा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

12-6-21

दो दशक से महाराणा प्रताप जयंती पर शहर में हर साल शौर्य यात्रा निकलती है। राजपूत समाज द्वारा निकाली जाने वाली यह यात्रा शास्त्री नगर स्थित राजपूत धर्मशाला से शुरू होकर प्रताप चौराहा पहुंचती है। कोरोना के चलते दो सालों से यात्रा व कार्यक्रम नहीं किए जा रहे हैं।

13 जून को देश के गौरव महाराणा प्रताप की 481वीं जयंती मनाई जाएगी। कोरोना के चलते सांकेतिक माल्यार्पण किया जाएगा। राजपूत नवयुवक मंडल का 61वां वार्षिक उत्सव है। शहर में महाराणा प्रताप जयंती को लेकर 30 सालों से समाजजन एकत्रित होकर राजपूत धर्मशाला में कई कार्यक्रम आयोजित करते आ रहे हैं। 20 साल पहले महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापित होने के बाद से शौर्य यात्रा निकाली जाना शुरू की। महाराणा प्रताप जयंती और राजपूत नवयुवक मंडल के वार्षिक उत्सव को लेकर शुक्रवार को प्रताप की मूर्ति पर विद्युत सज्जा की गई।

## महाराणा प्रताप जयंती होने से तीन दिन पहले ही भाले को सुधरवाया



प्रताप चौराहे पर स्थित महाराणा प्रताप मूर्ति पर विद्युत सज्जा की।

कुछ माह से महाराणा प्रताप की मूर्ति का भाला क्षतिग्रस्त हो गया था। इसे लेकर समाजजन ने निगम प्रशासन को आवेदन देकर सुधारने के साथ भाला गिरने पर दुर्घटना होने की जानकारी दी थी, भाले को नहीं सुधारा था। न्यास अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह गोयल ने बताया भाले के कारण कोई दुर्घटना न हो इसके साथ ही महाराणा प्रताप जयंती होने पर तीन दिन पहले ही भाले को सुधरवाया। उन्होंने बताया जयंती को लेकर श्री राजपूत नवयुवक मंडल, न्यास व महिला मंडल द्वारा हर साल शौर्य यात्रा, बच्चों की खेलकूद स्पर्धा, रंगोली, निबंध, साफा धारण स्पर्धा, राजपूत रत्न सम्मान, समाज सेवियों के सम्मान सहित अन्य आयोजन किए जाते हैं, लेकिन कोरोना के चलते यह दूसरा साल है जब सारे कार्यक्रम निरस्त कर दिए हैं।

12-6-2021

**सिंगल यूज प्लास्टिक:** 2022 की टाइमलाइन पास आई तो बैन की आई याद, अब हर महीने कलेक्टर को देना होगी रिपोर्ट

# कागजों में प्रतिबंध, हकीकत में सरकारी कार्यक्रमों में ही हो रहा उपयोग

**पत्रिका न्यूज पंच**

12-6-21

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**भोपाल.** मध्य प्रदेश सहित देश भर को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने की अंतिम डेडलाइन 2022 पास आते ही सरकार को इस पर पाबंदी लगाने की अमल याद आई। इसके तहत सरकार ने प्रत्येक जिले में टास्क फोर्स गठित करने के आदेश दिए हैं। टास्क फोर्स कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित की जाएगी। अब हर महीने सभी कलेक्टरों को भोपाल मुख्यालय में इस पर रिपोर्ट देना अनिवार्य रहेगा।

दरअसल, मोदी सरकार ने 2022 तक पूरे देश को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने का टारगेट रखा है। इसके तहत मध्य प्रदेश ने वर्ष 2016 में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पाबंदी लगा दी थी। सरकारी कार्यक्रमों में भी सिंगल यूज प्लास्टिक वाली बोतल से लेकर अन्य सभी प्रकार के सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित किया गया था, पर व्यवहारिक रूप से इस पर अमल नहीं हो सका। यह पाबंदी सिर्फ कागजों तक ही सीमित रही। मैदानी तौर पर सिंगल यूज प्लास्टिक का अब तक इस्तेमाल हो रहा है।



**2022** तक पूरे देश को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने का टारगेट रखा है

### हर स्टेट का आकलन

केन्द्र की मोदी सरकार सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन और इससे मुक्ति के क्रियान्वयन का आकलन करेगी। इसके तहत मप्र सहित हर राज्य के परफारमेंस का आकलन होगा। इस कारण भी अब सरकार को इस पर काम की चिंता सताने लगी है।

### कार्यक्रमों में उल्लंघन

सरकारी कार्यक्रमों में ही अभी सिंगल यूज प्लास्टिक का भरपूर इस्तेमाल होता है। खासतौर से सिंगल यूज प्लास्टिक वाली पानी की बोतलों का खूब इस्तेमाल होता है। हालांकि, सरकार इस पर कागजों में प्रतिबंध लगा चुकी है।

**डेड लाइन में 6 माह बाकी:** 2022 की डेटलाइन में 6 महीने बचे हैं, ऐसे में सरकार ने कलेक्टरों को 2022 की डेट लाइन याद दिलाई है, ताकि निर्धारित लक्ष्य को पूरा कर मध्य प्रदेश को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त किया जा सके। सरकार ने सभी कलेक्टरों को आदेश दिए हैं कि इस पाबंदी का सख्ती के साथ क्रियान्वयन कराया जाए।

पत्रिका
12-6-2021

# मास्क नहीं होने पर चालान काटा तो व्यापारी बोला-पैसे नहीं हैं, फोटो खींच ले गए

भास्कर संवाददाता | गुरुग्राम

12-6-21


जिला प्रशासन द्वारा मास्क नहीं लगाने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार शाम को टीम शहर सराय पहुंची तो एक व्यापारी दुकान पर बगैर मास्क के मिला। टीम ने जब चालान काटा और 100 रुपए मांगे तो जवाब मिला।

मेरे पास पैसे नहीं आपको जो करना हो कर लो। टीम फोटो खींचकर आगे बढ़ गई। धानमंडी में भोजनालय में एक व्यक्ति पानी पी रहा था। टीम पहुंची और मास्क का 100 रुपए का चालान बना दिया। बोले मास्क नहीं लगा रखा है। पास

# सांसद, विधायक निधि एवं जनभागीदारी के कार्यों को पूर्ण करने में जिम्मेदारी तय करें

## - कार्यों की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की
## - सैलाना सीईओ एवं आलोट सीएमओ को शोकाज नोटिस

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम



सांसद निधि विधायक निधि एवं जनभागीदारी के कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए सभी निकाय एवं विभाग संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय करें। एक निश्चित तिथि बताएं और उस स्थिति तक कार्य को अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। काम पूर्ण हो जाए तो उसका पूर्णता प्रमाण पत्र दें। किसी कार्य के लंबित होने में कोई बाधा है तो उसका निराकरण करें। किसी भी कार्य को टाले नहीं और पूर्ण गंभीरता से कार्य करें। उक्त निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सांसद निधि, विधायक निधि एवं जनभागीदारी योजना के अंतर्गत जिले में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षीसिंह, एडीएम श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गहलोत, रतलाम ग्रामीण सुश्री मनीषा वास्कले, सैलाना सुश्री कामिनी ठाकुर, जिला योजना अधिकारी श्री बी.के. पाटीदार सहित जिले के सभी जनपदों के सीईओ, समस्त नगरीय निकाय के अधिकारी एवं विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर पुरुषोत्तम ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि बिना किसी कारण के कोई कार्य अधूरा नहीं रहे, यदि किसी कार्य में विलंब हो रहा है तो उसके लिए संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय होगी। उन्होंने लंबित कार्यों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए जनपद पंचायत सीईओ एवं आलोट मुख्य नगरपालिका अधिकारी को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। श्री पुरुषोत्तम ने कहा कि एक निश्चित समयावधि में कार्य पूर्ण होना चाहिए। अपनी योजना बनाकर निश्चित अवधि में इन कार्यों को पूर्ण करना तय करें।

जिला योजना अधिकारी बी.के. पाटीदार ने जिले में सांसद निधि, विधायक निधि एवं जनभागीदारी योजना के तहत प्रारंभ, प्रगतिरत एवं पूर्ण कार्य के पूर्णता प्रमाण पत्र नहीं मिलने संबंधी कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में प्रारंभ कार्य 34 एवं प्रगतिरत कार्य 123 है। पूर्ण कार्य के पूर्णता प्रमाण पत्र 84 कार्यों के आना शेष है। श्री पुरुषोत्तम ने उक्त सभी कार्यों को निश्चित समय सीमा में करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में समस्त सीएमओ, सीईओ जनपद, नगर निगम रतलाम, नगर पालिका जावरा, शिक्षा विभाग सहित संबंधित विभागों ने अपने कार्यों की प्रगति का ब्यौरा दिया।

# सूर्यास्त के बाद उचित मूल्य दुकान पर परिवहनकर्ता वाहन सामग्री प्रदाय नहीं करेगा

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा आदेश जारी किया गया है कि जिले में उचित मूल्य दुकानों पर जिन वाहनों द्वारा राशन सामग्री प्रदाय की जाती है, वे वाहन सूर्यास्त पश्चात सामग्री दुकान को प्रदाय नहीं करेंगे।

जारी आदेश के अनुसार किसी कारणवश वेयरहाउस में गाड़ी भरने में विलंब हुआ है तो भरे हुए वाहन को वेयरहाउस परिसर में ही खड़ा रखा जाएगा तथा वह वाहन अगले दिन राशन प्रदाय करने के लिए रवाना होगा। यदि राशन सामग्री वितरण करते समय सूर्यास्त हो जाता है तो राशन सामग्री से भरे परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से खड़ा किया जाएगा। परिवहनकर्ता द्वारा राशन से भरे शासकीय वाहन को परिसर में खड़े रखने की सूचना व्हाट्सएप या दूरभाष पर संबंधित एसडीएम, तहसीलदार, जिला प्रबंधक सिविल सप्लाई अथवा आपूर्ति अधिकारी को अनिवार्य रूप से दी जाएगी। ज्ञातव्य है कि शासन के निर्देशानुसार राशन सामग्री उचित मूल्य दुकानों पर सतर्कता समिति के समक्ष से ही खाली करवाई जाना है। विगत दिनों सार्वजनिक वितरण प्रणाली से संबंध परिवहनकर्ताओं द्वारा की गई खाद्यान्न की अफरा तफरी के संबंध में

**अनलॉक में लॉक** • कारोबार के समय दुकान खोलने की अनुमति नहीं देने से परेशानी

# चाय-पोहे वाले घाटे में क्योंकि नाश्ते का समय सुबह का और दुकानें 10 बजे बाद ही खुल रहीं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर में पोहे, कचौरी, समोसा, चाय की छोटी-बड़ी 700 दुकानें है। इन दुकानों में कारोबार का समय सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक का है। इसमें से 70 फीसदी कारोबार सुबह 8 से 10 बजे के बीच होता है।

अनलॉक में शहर की दुकानें सुबह 10 बजे से खुल रही है। अधिकतर लोगों के घरों पर भोजन बनना शुरू हो जाता है। रेस्टोरेंट संचालकों को दिक्कत आ रही है। बाजार अनलॉक होने के बावजूद उनका कारोबार नहीं चल रहा है।

## आदेश का चौपाटी पर भी असर, क्योंकि बाजार 6 बजे बंद हो रहा यहां ग्राहकी रात की

आदेश का असर चौपाटी पर हो रहा है। नेहरू स्टेडियम मार्केट के सामने रोज शाम 6 बजे बाद से चौपाटी पर रोज खाने पीने की दुकानें लगती है। चूंकि 6 बजे बाजार बंद हो रहा है। कालिकामाता मंदिर क्षेत्र में लगने वाली दुकानों को इस आदेश से दिक्कत है। क्योंकि उनका कारोबार शाम से शुरू होकर रात तक चलता है। उनके कारोबार भी असर हो रहा है। इस आदेश से कालिकामाता मंदिर की कई दुकानें चालू नहीं हो पा रही है।



शहर अनलॉक है 100 फीसदी दुकानें खुलने लगी है लेकिन शाम 6 बजे दुकानें बंद होने का आदेश है।

### रेस्टौरेंट-होटलों को छूट दें

संयुक्त व्यापारी संघ के संजय पारख ने बताया कपड़ा, सराफा बाजार, डिस्पोजल, किराना दुकानों के लिए सुबह 10 बजे का समय सही है लेकिन होटल, रेस्टोरेंट संचालकों के लिए यह समय ठीक नहीं है। चाय, पोहा, समोसे की दुकानें सुबह जल्दी खोलने के आदेश देना चाहिए। होटलों में कारोबार शाम 7 बजे से शुरू होता है और रात 10 बजे तक चलता है।

दै. भास्कर 12-6-2021

## आज से पान की दुकानें खुलेंगी जरूर लेकिन घर लाकर ही खा सकेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

12-6-21

अनलॉक के तहत प्रशासन ने शनिवार से पान की दुकानों को खोलने की छूट भी दे दी है। बस दुकानदारों को कोविड प्रोटोकाल का करना होगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया लोग सिर्फ दुकानों से सामग्री बंधवाकर ले जा सकेंगे। दुकान पर खड़े होकर पान खाना और ग्राहकों का एकत्र प्रतिबंधित रहेगा। इसका उल्लंघन करने पर एक सप्ताह के लिए दुकान बंद कर दी जाएगी।

दै. भास्कर 12-6-2021

## आज से पान दुकानें खुलेंगी पैक कराकर ले जा सकेंगे

रतलाम। जिले में अनलाक की प्रक्रिया में जारी प्रतिबंधात्मक आदेशों के तहत पान की दुकान खोलने पर लगाए गए प्रतिबंध को शिथिल किया गया है। जिले के कोविड प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा के निर्देश पर जिले में पान की दुकानें शनिवार से खुल सकेंगी। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि किसी भी दुकान पर ग्राहक एकत्रित नहीं होंगे।

दुकान पर खड़े होकर पान का सेवन नहीं करेंगे। दुकानों से सामग्री बंधवाकर ले जा सकेंगे। कोई दुकानदार उक्त निर्देशों का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एक सप्ताह के लिए दुकान बंद करवा दी जाएगी।

नईदुनिया 12-6-2021

## आज से पान की दुकानें खुली रहेगी

रतलाम. जिले में अनलॉक की प्रक्रिया में जारी प्रतिबंधात्मक आदेशों के तहत पान की दुकान खोलने पर लगाए गए प्रतिबंध को शिथिल किया गया है। जिले के कोविड प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा के निर्देश पर जिले में पान की दुकानें शनिवार से खुल सकेंगी। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि सभी पान विक्रेता को प्रतिबंधात्मक आदेशों के तहत जारी किए गए निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। किसी भी दुकान पर ग्राहक एकत्रित नहीं होंगे। दुकान पर खड़े होकर पान का सेवन नहीं करेंगे। दुकानों से सामग्री बंधवाकर ले जा सकेंगे। कोई दुकानदार उक्त निर्देशों का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एक माह के लिए दुकान बंद की जाएगी।

पत्रिका 12-6-2021

# स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने किया निरीक्षण, नालों को मानसून पूर्व कर रहे साफ

पत्रिका 12-6-21

रतलाम. शहर में नगर निगम द्वारा बड़े व छोटे नालों की सफाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है। निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा मानसून के पूर्व इन नालों की पूरी सफाई हो जाए यह लक्ष्य लिया गया है। इन सब के बीच शुक्रवार को नालों की सफाई कार्य का निरीक्षण स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह ने किया है। बताया जाता है कि कर्मचारियों को इस दौरान तेजी से काम करने को कहा गया है।

वर्षा ऋतु के पूर्व शहर के समस्त नाले-नालियों की सफाई करवाये का कार्य निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा दिये गये निर्देश के अंतर्गत निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही नालो की सफाई के बाद कीटनाशक दवा का छिड़काव भी किया जा रहा है।

बताया जाता है कि लक्कड़पीठा स्थित बड़े नाले की सफाई के दौरान जब स्वास्थ्य अधिकारी सिंह गए तो कर्मचारी धीमे काम कर रहे थे, इसके बाद सिंह ने नाराजी व्यक्त करते हुए तेजी से काम करने को कहा। इस दौरान सिंह ने कर्मचारियों को साफ कहा कि मानसून पूर्व किसी भी हालात में नालों की सफाई का कार्य पूरा करना है। क्योंकि मानसून के दौरान नालों का पानी घर में जाने की समस्या होती है, जो नहीं होने दी जाएगी।

पत्रिका

12-6-2021

# आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु नियुक्त पर्यवेक्षकों की निगम आयुक्त झारिया ने ली

प्रकाश न्यूज • रतलाम



कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत 'निरामयम' योजना अन्तर्गत रतलाम नगर के पात्र हितग्राहियों के निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु गठित दलों के पर्यवेक्षकों की निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बैठक लेकर पात्र हितग्राहियों के शीघ्र कार्ड बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। नगर के शेष रहे हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य 5 जून को प्रारंभ किया गया जिसके तहत 10 जून को 203 कार्ड बनाये गये इस तरह अब तक 958 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनवाये जा चुके है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने आयोजित बैठक में 5 से 10 जून तक कार्ड वार बनाये गये आयुष्मान कार्ड की जानकारी लेकर निर्देशित किया के पर्यवेक्षक प्रतिदिन कार्ड बनाने की जानकारी कॉमन सेन्टरों से प्राप्त करेंगे व झोन प्रभारी दरोगाओं से प्राप्त करेंगे।

बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि दल द्वारा कितने हितग्राहियों से संपर्क किया गया, कितने हितग्राहियों को कॉमन सेन्टरों पर भेजा गया व कितने हितग्राहियों के कार्ड बने इसकी पंजी संधारित की जाये।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में निर्देशित किया कि कॉमन सेन्टरों पर बनने वाले आयुष्मान कार्ड को वार्डवार एकत्रित किया जाकर नगर निगम के कार्यालय अधीक्षक कार्यालय में व्यवस्थित रखें जाये साथ ही प्रतिदिन वार्ड अनुसार आने वाले कार्ड की जानकारी पंजी संधारित की जाये तथा इस कार्य हेतु एक कर्मचारीको पाबंद किया जाये।

बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि पात्र हितग्राहियों के मोबाईल नम्बर व पते की वार्ड वार सूची उपलब्ध करवा दी गई है सूची अनुसार हितग्राहियों से जिनके मोबाईल नम्बर दर्ज है को मोबाईल से संपर्क कर आयुष्मान कार्ड बनाने की जानकारी लेवें यदी उन्होने कार्ड बनवा लिया है तो सूची में राईट का निशान लगावें तथा जिन्होने कार्ड नहीं बनवाया है उनसे मो
कि उन्होने कार्ड बनवाया
करने पर भी हितग्राही कार्ड
निवास पर जाकर कार्ड ब
ही सूची में सिर्फ मुखिया
नम्बर व पता नही है ऐसे
कर उनसे संपर्क कर मो
कार्ड बनवाने की क
आयोजित बैठक में उ
सहायक आयुक्त श्री
कार्यपालन यंत्री सुरे
जायसवाल, सहायक य
अधिकारी ए.पी. सिंह,
विस्तार अधिकारी आ
सहायक सुभाष गोयल
रामचन्द्र शर्मा, उपयंत्री
पाटीदार, विकास मरका
प्रभारी पर्वत हाड़े, किरण
आंग वाड़ी सुपरवाईजर

12-6-2021

कागज में चल रहे बोगस कर्मचारी, फिर हुआ उजागर


# गड़बड़झाला : वार्ड प्रभारी की सूची में 14 कर्मचारी तो निगम का रेकॉर्ड बता रहा 16

पत्रिका न्यूज पंच

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 12-6-2021

रतलाम. नगर निगम में एक बार फिर से बोगस कर्मचारी की हाजरी लगाने का मामला सामने आया है। हाल ही में निगम ने वार्डो में कर्मचारियों के नाम व मोबाइल नंबर के बोर्ड लगाए है। इन बोर्ड को देखकर अब वार्ड दारोगा ही हैरान है। इन बोर्ड पर उनके भी नाम है, जो कभी वार्डो में नजर ही नहीं आए। अब दारोगाओ ने ही इस पर सवाल उठा दिए है।

शहर में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग में बगैर मंजूरी के कर्मचारी रखने के मामले में हाल ही में निगम आयुक्त ने बड़ी कार्रवाई की है। इन कार्रवाई से विभाग संभला भी नहीं है कि एक बार फिर बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। कई वार्डो में कर्मचारियों के नाम व नंबर के लगाए गए बोर्ड के बाद अब वार्ड के दारोगा ही इन पर सवाल उठा रहे है। इनका कहना है कि जो नाम बोर्ड पर लिखे है इनकी कभी न तो हाजरी लगाई गई, न ही कभी इन नाम के कर्मचारी वार्ड में काम पर आए। पत्रिका







पत्रिका
पत्रिका में प्रकाशित

## यह है नियम

असल में जब किसी वार्ड में कोई नया कर्मचारी आता है या अन्य वार्ड से कर्मचारी को दूसरे वार्ड में भेजा जाता है तो इसकी जानकारी वार्ड के दारोगा, झोन प्रभारी का रहती है। हाल ही में वार्ड नंबर 30 में जब बोर्ड लगा तो पुनीत संजय व नरेंद्र नवीन नाम के कर्मचारियों के नाम पर सवाल उठ गए है। यह दोनों कर्मचारी इस वार्ड में कभी दारोगा को ही नहीं नजर आए। 12-6-21

## मुझे नहीं पता

मेरे वार्ड में बोर्ड लगने के बाद पता चला 16 कर्मचारी काम कर रहे है, जबकि मैं हाजिरी 14 की ही लगाता आया हूं। दो अन्य कर्मचारी के न तो मेरे रिकार्ड में नाम है नही मोबाइल नंबर है।

- **रवि चनाल**, वार्ड नंबर 30 प्रभारी, नगर निगम

## जांच की जाएगी

अइस मामले की जांच की जाएगी। वार्ड दारोगा के बयान लिए जाएंगे। जो दोषी है तो नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका
12-6-2021